T

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–44749707
ई–मेल: info@indiaspaceweek.ac.in
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.ac.in

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi -110058, India
Telephone: 011-44749707
E-mail: info@indiaspaceweek.ac.in
Website: www.indiaspaceweek.ac.in

दिनांक: 05 अगस्त 2026

पत्रांक: आई०एस०डब्लू०/आई०एन०डी/782/2026

Office of the Registrar
No. R-10624
Date 18/08/26
University of Allahabad

All Deans/Directors
18/08/26
REGISTRAR
कुलसचिव

प्रेषक

निदेशक
इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली

सेवा में,

कुलपति/कुलसचिव/रजिस्ट्रार/प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय,
राज्य निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय एवं शिक्षण संस्थान,
समस्त राज्य – भारत।

विषय: राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 (**National Space Day**) के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं छात्र–छात्राओं, शिक्षकों तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

भारत सरकार द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (**ISRO**) की ऐतिहासिक उपलब्धि चंद्रयान–3 के चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (**National Space Day**) के रूप में मनाया जाता है।

इसी क्रम में भारत अंतरिक्ष सप्ताह (**India Space Week**) द्वारा 23 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों, शिक्षण संस्थानों एवं आम नागरिकों के लिए विभिन्न शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी.

1. राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार

23 अगस्त 2026 को अंतरिक्ष विज्ञान, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम, चंद्रयान मिशन, उपग्रह प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा भविष्य की अंतरिक्ष तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया जाएगा।

2. राष्ट्रीय शपथ ग्रहण अभियान

प्रतिभागी ऑनलाइन राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस शपथ लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर सकेंगे। शपथ पूर्ण करने पर Pledge Certificate प्रदान किया जाएगा।

3. राष्ट्रीय ड्राइंग एवं पेंटिंग गतिविधि

विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर के छात्र–छात्राएँ आधिकारिक वेबसाइट (www.nationalspaceday.space) से Drawing & Painting Activity Sheet डाउनलोड कर निर्धारित विषय पर चित्र बनाकर ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे।



circulate to all coordinator of the centers
18/08/2026
Director
Institute of Interdisciplinary Studies
University of Allahabad
Prayagraj

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–44749707
ई–मेल: info@indiaspaceweek.ac.in
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.ac.in

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi -110058, India
Telephone: 011-44749707
E-mail: info@indiaspaceweek.ac.in
Website: www.indiaspaceweek.ac.in

आपसे विनम्र अनुरोध है कि उक्त जानकारी का अपने संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट, सूचना पट्ट, सोशल मीडिया, ई–मेल, छात्र पोर्टल, नोटिस बोर्ड एवं अन्य उपलब्ध माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 के कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें। आपके सहयोग से देश में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार तथा भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

नोट:

1) सभी कार्यक्रमों हेतु पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है। पंजीकरण लिंक: https://nationalspaceday.space/registration_form/
2) सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा।
3) कार्यक्रम पूर्णतः ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।
4) आधिकारिक वेबसाइट: www.nationalspaceday.space


भवदीय,

Director Office/निदेशक कार्यालय
India Space Week/भारत अंतरिक्ष सप्ताह
New Delhi - India/नई दिल्ली - भारत
निदेशक इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली

प्रतिलिपि (सूचनार्थ)

1. माननीय राष्ट्रपति सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
2. माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
3. भारत सरकार के समस्त मंत्रालय।
4. समस्त राज्य सरकारों के मुख्य सचिव।
5. समस्त राज्य शिक्षा विभाग।
6. समस्त विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान।

Director Office/निदेशक कार्यालय
India Space Week/भारत अंतरिक्ष सप्ताह
New Delhi - India/नई दिल्ली - भारत
निदेशक इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली


इसरो isro
NATIONAL SPACE DAY
INDIA SPACE WEEK
राष्ट्रीय
अंतरिक्ष दिवस
23 अगस्त 2026
भारत की अंतरिक्ष यात्रा
विकसित भारत 2047 की ओर
* नवाचार * प्रेरणा * सशक्तिकरण *
राष्ट्रीय प्रतिज्ञा लें एवं प्रमाणपत्र प्राप्त करें
यूट्यूब पर आयोजित लाइव कार्यक्रम का हिस्सा बनें
रंग भरने एवं चित्रकला गतिविधि में भाग लें
एक देश. एक दृष्टि.
एक भविष्य.
INDIA SPACELAB
NSC
रजिस्ट्रेशन लिंक: https://nationalspaceday-space/registration_form/
पंजीकरण प्रारंभ तिथि: 05 अगस्त 2026
पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2026
कार्यशाला की तिथि : 23 अगस्त 2026
ऑनलाइन लाइव : Webinar on youtube
contact@nationalspaceday.space
011-4474970